# भारतीय स्टेट बैंक में एसिस्टेन्ट वाइस प्रेसिडेन्ट (मीडिया) की भर्ती
## (संविदागत आधार पर नियुक्ति)
## विज्ञापन क्र. सीआरपीडी/एससीओ/2013-14/15

.भारतीय स्टेट बैंक, जो देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है, को अपने कारपोरेट केन्द्र, मुंबई में संविदागत आधार पर एसिस्टेन्ट वाइस प्रेसिडेन्ट (मीडिया) के पद के लिए योग्यताप्राप्त व अनुभवी उम्मीदवार की आवश्यकता है.

**पद : एसिस्टेन्ट वाइस प्रेसिडेन्ट (मीडिया), रिक्त पद : 1**

| | |
|---|---|
| ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण तथा शुल्क भुगतान करने के तिथि : 03-03-2014 से 15-03-2014 | प्रमाणपत्रों की प्रतियों के साथ आवेदन के प्रिंटआउट की प्राप्ति की अंतिम तिथि : 22-03-2014 |

**पात्रता (01.03.2014 को)**

**अ. कार्य का स्वरुप**

- मार्केट में उपलब्ध विभिन्न मीडिया चैनल्स का निर्धारण करते हुए बैंक के विज्ञापन/प्रचार बजट के साथ उसका संरेखन करना, ताकि लागत अनुकूल, मीडिया मिक्स और समय-अवधि की उपयुक्तता सुनिश्चित हो सके.
- सभी-मीडिया में बैंक के विज्ञापन अभियानों की प्रभावशीलता का मापन करते हुए उनमें निरन्तर सुधार के लिए सतत कार्यनीतियों का सुझाव देना.
- बैंक के प्रचार अभियानों पर खर्च को तर्कसंगत बनाना
- सभी बिजनेस वर्टिकल्स पर मार्केट रिसर्च का आयोजन करना, मीडिया तथा डिजिटल मार्केटिंग के नए अवसरों की पहचान करना और सभी बिजनेस वर्टिकल्स के लिए संस्तुतियां करना
- उत्पादों (प्रोडक्ट्स) तथा सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बिजनेस वर्टिकल्स में इवेन्ट्स, अभियानों तथा प्रदर्शनियों के आयोजन में मदद करना
- मीडिया रिलीज तथा प्रेस रिलीज तैयार करना और सभी बिजनेस वर्टिकल्स द्वारा प्रोडक्ट प्रजेन्टेशन्स में सहयोग देना.
- बैंक के विज्ञापन तथा आंतरिक प्रकाशनों से संबंधित मामलों को संभालना और सूचीबद्ध वेंडर्स के साथ बातचीत करना.
- मार्केटिंग के साधन जैसे कि लीफलेट्स, पोस्टर्स, होर्डिंग्स, पैम्पलेट्स और प्रिंट व विज्युअल मीडिया में विज्ञापनों का प्रबंधन करना.
- बैंक के लिए विज्ञापन बजट बनाना तथा विज्ञापन एजेन्सियों के साथ दरें निर्धारण करना.
- विज्ञापन व्यय की मासिक खर्च रिपोर्ट तैयार करना, जिसमें मार्केटिंग उत्पाद एवं सेवाओं से संबंधित खर्च भी शामिल है.

| | |
|---|---|
| **नौकरी का प्रकार** | संविदागत आधार पर |
| **उम्र की सीमा** | अधिकतम 40 वर्ष |
| **शैक्षणिक अर्हता** | किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित किसी प्रतिष्ठित संस्थान से मास कम्यूनिकेशन/एडवर्टाइजिंग/मार्केटिंग में पोस्ट ग्रेजुएट या मास कम्यूनिकेशन/एडवर्टाइजिंग/मार्केटिंग में एमबीए |
| **अनुभव** | किसी बैंक या वित्तीय संस्थान या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/अन्य प्रतिष्ठित बड़े संगठन में समान पद पर कम से कम 5 वर्षों का अनुभव |
| **संविदा की अवधि** | 3 वर्ष, जो कि प्रत्येक 6 महीनों के बाद संतोषजनक कार्य-निष्पादन की समीक्षा के अध्ययीन है. बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार से संविदा को आगे और दो वर्षों की अवधि के लिए नवीनीकरण किया जा सकता है.<br>उम्मीदवार के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन छमाही आधार पर किया जाएगा. कार्य-निष्पादन को संतोषजनक माने जाने के लिए उम्मीदवार को कार्य-निष्पादन मूल्यांकन में न्यूनतम औसत अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे. एक वर्ष के अंत में, अगर अधिकारी अपने कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन में न्यूनतम औसत अर्हक अंक प्राप्त करने में असफल रहता है तो उसके कार्य-निष्पादन को असंतोषजनक माना जाएगा तथा बैंक द्वारा उसे एक महीने का नोटिंस/एक महीने का मुआवजा, जो कि मौजूदा वर्ष की सीटीसी का 1/12 है, बिना किसी पूर्वाग्रह के, उसके संविदा को समाप्त कर दिया जाएगा. |
| **मुआवजा** | कुल परिलब्धियां, बैंक को लागत आधार पर (सीटीसी) ₹12 लाख प्रति वर्ष होगी. |
| **अन्य भत्ते या हितलाभ और सेवा की शर्ते** | मासिक मोबाइल खर्च, अन्य शहरों में जाकर अपने दायित्वों का निर्वाह करने के लिए ठहरने का भत्ता, खान-पान एवं ठहरने का खर्च, बैंक में संविदागत आधार पर रखे गए अन्य अधिकारियों (प्रबंधन प्रशिक्षु /इकोनॉमिस्ट्स/सीए) के अनुसार लागू होंगे, सिवाय वार्षिक वेतन वृद्धि तथा कैरियर में आगे बढ़ने के प्रावधान. |
| **भविष्य निधि/बोनस/पेन्शन/ग्रेच्युटी** | अधिकारी संविदा की अवधि के दौरान या उसके बाद भविष्य निधि/बोनस/पेन्शन के लिए पात्र नहीं होगा. वह एसबीआई पेन्शन फ़ंड/डिफाइन्ड कॉन्ट्रिब्यूशन्स पेन्शन स्कीम (नई पेन्शन स्कीम) तथा एसीबीआई एम्प्लायज प्रोविडेन्ट फ़ंड की सदस्यता का पात्र नहीं होगा. |

**ब. चयन प्रक्रिया**

i) चयन मामले का अध्ययन (कैश स्टडी), सामूहिक चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.

ii) मामले का अध्ययन (कैश स्टडी), सामूहिक चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की चयन सूची, उनकी अर्हता तथा अनुभव के आधार पर बनायी जाएगी.

**क. आवेदन कैसे करें :**

- उम्मीदवार के पास अपनी वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जिसे अंतिम परिणाम ज्ञात होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. उसके जरिए बुलावा-पत्र/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई-मेल से प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.

**ऑन-लाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से, ऑन-लाइन अपना पंजीकरण करना होगा तथा डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करते हुए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा.

ii) उम्मीदवार को पहले अनुलग्नक 1 में दिए गए विस्तृत विवरणों के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर को स्कैन करना होगा. जब तक फोटो और हस्ताक्षर निर्धारित रूप से अपलोड नहीं होता, तब तक ऑन-लाइन आवेदन का पंजीकरण नहीं होगा.

iii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** को देखें और रिक्यूटमेंट लिंक में दिए गए सही ऑन-लाइन आवेदन प्रारूप को खोले.

iv) आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भरें. एक बार आवेदन-पत्र पूर्णत: भरे जाने पर उम्मीदवार डाटा सबमिट करें. यदि आवेदक एक बार में पूर्ण विवरण नहीं भर पाते हैं, तो भरे हुए विवरण को सुरक्षित (सेव) कर लें. विवरण सुरक्षित हो जाने पर सिस्टम द्वारा तैयार की गई अनंतिम पंजीयन संख्या और पासवर्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार अपना पंजीकरण नम्बर और पासवर्ड नोट कर लें.** इस पंजीयन संख्या और पासवर्ड के प्रयोग से वे सुरक्षित डाटा पुन: खोल सकते हैं और जरूरत होने पर संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध है. आवेदन-पत्र पूर्णत: भरने पर उम्मीदवार डाटा सबमिट करें और ऑन-लाइन शुल्क भुगतान के लिए आगे बढ़िए.

**शुल्क का भुगतान:**

I. **आवेदन शुल्क ₹ 500/-**

II. शुल्क भुगतान वहाँ उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑन-लाइन करना होगा.

III. आवेदन-पत्र में भरे विवरण सही है, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन-पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. **इसके पश्चात कोई बदलाव/संशोधन स्वीकार नहीं होगा.**

IV.. भुगतान स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है. ऑनलाइन लेनदेन व्यय, अगर कोई है, तो उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा.

V. लेन-देन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उम्मीदवार के लिए ई-रसीद और आवेदन फॉर्म तैयार हो जाएगा जिस पर तिथि भी अंकित होगी; इसे प्रिंट करके अपने पास रखें.

VI. यदि ऑन-लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुन: ऑन-लाइन पंजीकरण करें और अपने आवेदन के विवरण पुन: भरकर ऑन-लाइन भुगतान करें.

VII. बाद में भी, ई-रसीद और आवेदन फॉर्म को फीस के विवरण सहित पुन: प्रिन्ट करने का विकल्प है.

जारी : पृष्ठ: 2 पर

**द. ऑन–लाइन पंजीकृत आवेदन का प्रिंटआउट, जिसके साथ (i) जन्मतिथि का प्रमाण (ii) शैक्षणिक प्रमाणपत्र/अंक पत्र (iii) अनुभव प्रमाणपत्र (सेवा के क्षेत्र तथा अवधि के विवरण के साथ) (iv) वर्तमान नियोजन में मुआवजा पैकेज के प्रमाण की प्रतियां तथा कार्य संबंधी जिम्मेदारी/विशेष उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त लेख संलग्न हो, पोस्ट बॉक्स नं. 11504, नरीमन पॉइंट, मुंबई–400021 पर 22 मार्च 2014 तक भेजे जाने चाहिए. जिस आवेदन के साथ अनुलग्नक नहीं होंगे. उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा.**

**य. सामान्य जानकारी :**

(i) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को भारत में निकटम मार्ग से एसी ।। श्रेणी का रेल किराया दिया जाएगा.

(ii) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त होने के अध्ययीन है. यह नियुक्ति, बैंक में शामिल होते समय प्रभावी, बैंक में ऐसे पदों हेतु सेवा व आचरण संबंधी नियमों के भी अध्ययीन रहेगी

(iii) पात्रता, चयन आदि सभी मामलों में बैंक का निर्णय सभी उम्मीदवारों हेतु अंतिम व बाध्यकारी होगा. इस बारे में बैंक द्वारा किसी अभ्यावेदन या पत्र–व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा.

**मुबंई – 400021**
**दिनांक: 01.03.2014**

**महाप्रबंधक**

---

## अनुलग्नक–I

**(i) फोटोग्राफ इमेज :**

- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का रंगीन और हाल ही में खींचा हुआ होना चाहिए.
- हल्की, विशेषकर श्वेत पार्श्वभूमि युक्त रंगीन फोटोग्राफ.
- फोटोग्राफ के समय कैमरे की दिशा में तनावरहित सीधा चेहरा रखें.
- अगर फोटोग्राफ दिन के प्रकाश में हो, तो सूरज प्रतिमा के पीछे हो या आप अपने आपको छाया में रखे ताकि आपकी आंखें छोटी न लगे और अन्य कोई छाया का आवरण उस पर न हो.
- अगर आप फ्लैश का इस्तेमाल करते हैं, तो उसपर 'रेड–आइ' न हो.
- अगर आप ऐनक का प्रयोग करते हैं, तो वहां प्रकाश परिवर्तन न हो और आपकी आंखे स्पष्ट नजर आएं.
- टोपियां, हैटस् और काला चश्मा स्वीकार नहीं होगा. धार्मिक कारणों से पगड़ी जैसे वस्त्र की अनुमति है बशर्ते कि उससे आपका चेहरा न ढके.
- परिमाप 200x230 पिक्सैल (अधिमानतः).
- फाइल की साइज 20 केबी–50 केबी के बीच.
- यदि सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड फोटोग्राफ की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाइल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर के सेटिंग का समायोजन करें जैसे की डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि.

**(ii) हस्ताक्षर इमेज :**

- आवेदक सफेद कागज कर काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक का हो. अन्य किसी का नहीं.
- अगर परीक्षा के समय आवेदक का उत्तर पुस्तिका पर किया हुआ हस्ताक्षर हॉल टिकट के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है. तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- परिमाप 140x60 पिक्सैल (अधिमानत:)
- फाइल की साइज 10 केबी–20 केबी के बीच.
- यह सुनिश्चित कर लें कि स्कैन्ड इमेज़ की साइज 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

- स्कैनर रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डाटस् पर इंच) पर रखें.
- रंग को सही रंग के लिए सेट करें.
- ऊपर निर्दिष्ट के अनुसार फाइल का साइज रखें.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के अनुसार स्कैनर की इमेज को रखें. अपलोड एडिटर से अंतिम साइज की फोटोग्राफ बनाएं. (जैसे कि ऊपर लिखा गया है)
- इमेज़ फ़ाइल जेपीजी या जेपीइजी फॉरमेट में हो, उदाहरण के लिए फ़ाइल का नाम: इमेज 01 जेपीजी या इमेज 01 जेपीईजी इमेज का आकार फोल्डर फाइल लिस्टिंग से या माउस को फाइल इमेज आइकॉन पर घुमाने से आजमाया जाएगा.

जो उम्मीदवार एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करते है, वे एमएस पैंट या एमएस ऑफिस मैनेजर इस्तेमाल करके 50 केबी और 20 केबी यथोपरी आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीइजी फॉरमैट में प्राप्त कर सकते हैं. फाईल मेनू मे ''सेव अॅज'' विकल्प लेकर किसी भी फारमैट में स्कैन्ड फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीजी फारमैट में सेव किया जा सकता है. क्रॉप का इस्तेमाल करके फोटो की साइज 50 केबी से और हस्ताक्षर की साझज 20 केबी से कम तक घटाई जा सकती है. उसके पश्चात इमेज मेनू में पुन: साइज सेट करें (कृपया पिक्सेल साइज के लिए बिंदु (1) और (2) देखें). इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.

**अगर फाइल साइज और फारमैट निर्धारित प्रकार के नहीं है, तो त्रुटि का संदेश स्क्रीन पर दिखाई देगा.**

ऑन–लाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्यप्रणाली :**

(i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होंगे.
(ii) ''अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर'' यथोपरी श्रृंखला पर क्लिक करें.
(iii) जहां पर स्कैन्ड फोटाग्राफ/हस्ताक्षर फाइल सेव की गई है, उस स्थान को ब्राउज कर निश्चित करें.
(iv) क्लिक करके फाइल निश्चित करें.
(v) अपलोड बटन क्लिक करें.